हरिभूमि
# महासमुंद भूमि
रायपुर, मंगलवार 22 अप्रैल 2025

[ सरायपाली | बसना | पिथौरा | बागबाहरा | तुमगांव | खरियार रोड ]

तापमान
अधिकतम 40.2 डिग्री
न्यूनतम 27.6 डिग्री

11 अखंड ज्योति तीर्थ यात्रा 23 को महासमुंद पहुंचेगी



12 पिथौरा के जंगलों में पेड़ों की नियम विरुद्ध कटाई वन विभाग की कार्यप्रणाली पर उठे सवाल



# खल्लारी के जंगल में हुआ शिकार, तेंदुआ और गौर की मिली लाश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

करंट के जाल में फंसकर जिले के बागबाहरा वन परिक्षेत्र में एक नर तेंदुआ और एक नर गौर की मौत हो गई। शिकार की यह घटना जिले बागबाहरा वन परिक्षेत्र के खल्लारी सर्किल के कक्ष रमांक 182 में सोमवार सुबह हुई। दोनों वन्य प्राणियों के शव सुबह पाए गए।

मिली जानकारी के अनुसार खल्लारी पहाड़ी के नीचे जंगल मे अज्ञात शिकारियो ने हाई टेंशन बिजली पोल से लगभग 400 मीटर लंबा बिजली का तार बिछा कर शिकार को अंजाम दिया है। दोनों वन्य प्राणियों की मौत के बाद शिकारियों ने बिजली के तार सहित शिकार के अन्य औजार घटनास्थल से हटा लिया। मृत नर तेंदुए की आयु 05 से 06 वर्ष, लम्बाई 06 फीट 03 इंच एवं ऊंचाई 70 सेन्टीमीटर है। मृत तेंदुए के पैरों मे करेंट लगने के निशान दिखाई दे रहे है। मृत तेंदुए के शव से लगभग 50 मीटर दूर विशालकाय वन्य प्राणी गौर की भी करंट लगने से मौत हुई है। तेंदुए और गौर की एक ही समय मे करंट से मौत हुई है। विशालकाय गौर के पेट के निचले हिस्से मे करंट लगने का निशान दिखाई दे रहा है। संभावना व्यक्त की जा रही है कि तेन्दूआ सुबह-सुबह गौर का शिकार करने के लिए प्रयास रहा था, तभी तेंदुआ और गौर शिकारियो के द्वारा बिछाए गए बिजली के तार की चपेट में आ गया और करंट लगने से दोनों वन्य प्राणियों की घटनास्थल पर ही मौत हो गई।

### हाई टेंशन बिजली पोल से बिजली का तार बिछा कर शिकार को अंजाम दिया





#### करंट लगने से मौत

विशालकाय गौर की आयु लगभग 07 वर्ष और लंबाई - 09 फीट 06 इंच एवं ऊंचाई 05 फीट 03 इंच मापी गई है। वन विभाग के द्वारा मुनारा सर्वे किये जाने के चलते जब वन कर्मी जंगल मे पहुचे तब घटना की जानकारी सामने आई। घटनास्थल पर पहुंचे वन विभाग के अधिकारी ने बताया कि अज्ञात शिकारियो के द्वारा शिकार के लिये बिजली के तार बिछाने पर तेंढुआ और गौर की करंट लगने से मौत हुई है। दोनों मृत वन्य प्राणियों का पोस्टमार्टम के बाद जलाकर अंतिम संस्कार किया जाएगा।

## खबर संक्षेप

### आचार्य नरेंद्र नयन शास्त्री की भागवत कथा आज से

**महासमुंद।** स्थानीय खैराबाड़ा में कल 22 अप्रैल से श्रीमद् भागवत कथा महायज्ञ का आयोजन किया गया है। जिसमें आचार्य नरेंद्र नयन शास्त्री सिलियारी धाम द्वारा भक्तों को कथा श्रवण कराया जाएगा। कथा के प्रथम दिवस 22 अप्रैल को श्री गणेश पूजा एवं पित्रेश्वर पूजन, कलश यात्रा, श्रीमद भागवत स्थापना एवं महात्म्य गोकर्ण उपाध्यान, 23 को श्रीमद् भागवत कथा प्रारंभ परीक्षित जन्म कथा, 24 को कपिल मुनिदेव कथा, रवि संवाद, ध्रुव चरित्र एवं जड़भरत कथा, 25 को प्रहलाद चरित्र, समुद्र मंथन एवं वामन अवतार कथा, 26 को श्रीकृष्ण जन्म, नंदोत्सव, कृष्ण अवतरण प्रसंग कथा, 27 को प्रभु श्रीकृष्ण लीला, गोवर्धन लीला, छप्पन भोग समर्पण, 28 को बैकुण्ठ दर्शन, कंश वध, रूखमणी विवाह, रामपंध्यायी, 29 को द्वारिका दर्शन, सुदामा चरित्र, कृष्ण-उद्धव संवाद, श्रीमद भागवत समापन, फूलों की होली खेली जाएगी। उक्त आयोजन उषा कमलनारायण चंद्राकर परिवार द्वारा किया जा रहा है।

### अपीलार्थी को उच्च न्यायालय ने दी राहत

**महासमुंद।** पांच वर्ष पूर्व हुए घटनाक्रम के अनुसार मां की देखरेख के लिए ससुराल पहुंची महिला और उसकी भाभी के बीच विवाद हो गया। बागबाहरा गुरुद्वारा पारा निवासी गुरुप्रीत कौर द्वारा बागबाहरा थाना में दर्ज कराई गई शिकायत के मुताबिक वह मां की देखरेख के लिए शहर के ही वार्ड 07 मायके पहुंची थी। दो जून को दोपहर 2 बजे भाभी मनप्रीत कौर ने गाली गलौज शुरू कर दी। इसके बाद जान से मारने की धमकी देते हुए गुरूप्रीत के दाहिने हाथ को मरोड़ दिया। इस मामले में निचली अदालत में हुए फैसले के खिलाफ मनप्रीत कौर द्वारा की गई अपील पर सुनवाई करते हुए जिला एवं सत्र न्यायाधीश अनिता डहरिया ने फैसला सुनाया है कि डॉक्टरी मुलाहिजा के समय एवं एक्सरे लिए जाने के उपरांत शरीर पर बाहरी तौर पर कोई चोट नही पाया गया। उंगली मरोड़ने जैसी घटना का कोई साक्ष्य नही है। चोट न आने का तथ्य को प्रार्थिया गुरप्रीत कौर ने भी स्वीकार किया है।

### बैलगाड़ी पर बारात



**महासमुंद।** विवाह के मुहूर्त में ग्राम अछोला से दूल्हा नवीन साहू पिता जोहन साहू बैल गाड़ी से बारात लेकर ग्राम गढ़सिवनी दुल्हन निशा साहू पिता गिरधर साहू के लेकर जाते हुए।

**रेत घाटों में गुंडई, विभाग के अफसर दहशत में सुरक्षा उपायों के साथ पहुंच रहे घाटों में**

# पंचायत प्रतिनिधि ही रेत माफिया ग्रामीणों ने कार्रवाई की मांग की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

गढ़सिवनी रेत घाट में अवैध रेत खनन को बंद करने की मांग को लेकर स्थानीय ग्रामीणों ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा है। ग्रामीण गेंदलाल पुष्पाकर, सतीष सोनकर, कमलेश सोनकर, महेश सोनकर, हरिराम सहित ग्रामीणों ने कहा है कि पंचायत प्रतिनिधियों द्वारा गढ़सिवनी रेत घाट का अवैध संचालन किया जा रहा है। गांव के जनप्रतिनिधि ही रेत माफिया है। नामजद शिकायत करते हुए ग्रामीणों ने बताया है कि राजेश साहू जनपद सदस्य प्रतिनिधि, रवि सोनकर उपसरपंच, अश्वनी सोनकर पंच, खिलेश सोनकर पंच, पोखन साहू, सूर्यकांत साहू, कृष्णकुमार साहू इन लोगों के द्वारा रेत माफिया के संरक्षण में गढ़सिवनी रेत घाट से बलपूर्वक खदान का संचालन निरंतर 45 दिनों से कर रहे है जिसके संबंध में 04 अप्रेल और 15 अप्रेल को ग्रामीणों द्वारा जनदर्शन में शिकायत के बाद भी कोई कार्रवाई नही हुई। अवैध खनन में विभागीय अफसरों और कर्मियों की भी संलिप्तता है। ग्रामीणों ने कहा है कि गढ़सिवनी रेत घाट बंद नहीं होने पर आज से ग्रामवासी कलेक्टर आफिस के सामने अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल और धरना प्रदर्शन करेंगे।



### अवैध रेत उत्खनन व परिवहन पर कार्रवाई, दो वाहन जब्त

अवैध खनिज उत्खनन, परिवहन एवं भंडारण पर रोक लगाने हेतु खनिज विभाग द्वारा कलेक्टर विनय कुमार लंगेह के निर्देशन में लगातार कार्रवाई जारी है। इसी क्रम में सोमवार को एक बार फिर खमतराई पंचायत क्षेत्र के महानदी स्थित रेत घाट में खनिज विभाग द्वारा कार्रवाई करते हुए दो वाहनों को रेत के अवैध उत्खनन एवं परिवहन करते हुए रंगे हाथ पकड़ा। खनिज विभाग की टीम ने एक हाईवा (वाहन क्रमांक सीजी 06 एचए 9377) जिसे सूरज भारती निवासी बकतरा मंदिर, हसौद चला रहा था, को अवैध रेत परिवहन करते हुए पकड़ा गया। वहीं एक चैन माउंटेन मशीन, जिसका चालक अज्ञात है, को अवैध रेत उत्खनन करते हुए जब्त किया गया। दोनों वाहनों को जब्त कर सुरक्षार्थ तुमगांव थाना में खड़ा किया गया है। खनिज विभाग द्वारा स्पष्ट किया गया है कि उक्त वाहनों पर खान एवं खनिज (विकास एवं विनियमन) अधिनियम 1957 की धारा 21 के अंतर्गत कठोर दंडात्मक का कार्रवाई की जाएगी। इस प्रकरण में 2 से 5 वर्षों की सजा का प्रावधान है और संबंधित व्यक्तियों के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कर न्यायालय में परिवाद प्रस्तुत किया जाएगा। पूर्व में भी खनिज पट्टेदारों एवं खनिज परिवहनकर्ताओं को स्पष्ट निर्देश दिए जा चुके हैं कि बिना वैध अभिवहन पास के खनिज का उत्खनन, परिवहन या भंडारण करना कानूनन अपराध है। कलेक्टर के निर्देशानुसार जिले में अवैध खनिज गतिविधियों पर प्रभावी नियंत्रण हेतु खनिज विभाग का विशेष अभियान सतत जारी रहेगा और दोषियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## करणी कृपा प्लांट में फिर हादसा, श्रमिक का हाथ फ्रैक्चर



हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

करणी कृपा पावर प्लांट मे एक बार फिर हादसा हुआ है। हादसे मे एक श्रमिक का हाथ फ्रैक्चर हो गया, जिसे प्लांट प्रबंधन ने इलाज के लिए रायपुर के एक निजी अस्पताल मे भेजा गया है। तुमगांव थाना निरीक्षक ने बताया कि उन्हें भी लोगों से सूचना मिली, तब प्लांट प्रबंधन से पता किया। जिसमें पता चला कि रविवार को दोपहर 3 से 4 बजे के आसपास श्रमिक हर्ष साहू का हाथ कंवेयर बेल्ट मे फंसकर फ्रैक्चर हो गया है। प्रबंधन ने घायल श्रमिक को इलाज के लिए रायपुर के एक निजी अस्पताल मे भिजवाया है। घायल श्रमिक रायपुर के घिवारा का रहने वाला है।

## नपा उपाध्यक्ष ने पीएम आवास के लिए मिले आवेदन की जानकारी ली



हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

नगर पालिका उपाध्यक्ष देवीचंद राठी ने पीएम आवास के लिए मिले आवेदनों की जानकारी प्रधानमंत्री आवास प्रभारी लोकरंजन साहू से ली। राठी ने बताया कि प्रभारी द्वारा जानकारी दी गई 253 आवेदन प्राप्त हुए हैं। जिन्हें ऑनलाइन किया जा चुका है। इसमें आबादी भूमि के 42, संयुक्त स्वामी की 76, अवैध प्लाटिंग के 5, 2500 वर्ग फीट से अधिक भूमि के 3 और एकल भू स्वामी के 127 आवेदन प्राप्त हुए। सरकार द्वारा सही आवेदनों को अनुमोदन के लिए नगर पालिका से मांगा गया है। जिसके लिए बैठक रायपुर में 15 मई को होनी है। उस बैठक में शीघ्र ही अनुमोदन के बाद अनुज्ञा सहित हितग्रहियों के आवास निर्माण की अनुमति व प्रथम किश्त की राशि जारी की जाएगी।

राठी ने आगे जानकारी में बताया कि राशि 226000 के जगह 250000 चार किश्तों में दिया जाएगां उसके ▶▶| शेष पेज 10 पर

## सर्व सम्मति से सरपंच संघ की रेखा साहू अध्यक्ष, संजय चौधरी सचिव मनोनीत

**सरायपाली।** जनपद पंचायत क्षेत्र के अंतर्गत निर्वाचित सभी 107 सरपंचों की एक बैठक सरपंच संघ के गठन को लेकर की गई । जिसमें सर्वसम्मति से नानकपाली पंचायत की महिला सरपंच रेखा लिंगराज साहू को सरपंच संघ का अध्यक्ष मनोनीत किया गया है। संघ को मजबूती व सक्रिय बनाये जाने के उद्देश्य से , 6 उपाध्यक्ष, 4 सचिव, पांच सह सचिव, तीन सरपंचों को कोषाध्यक्ष का पदभार सौंपा गया है।

बैठक में सभी जिला पंचायत सदस्य , जनपद पंचायत सदस्यों के साथ ही स्थानीय नेता व संगठन के लोग उपस्थित थे ।

बैठक में नानकपाली की सरपंच रेखा लिंगराज साहू को सर्व सम्मति से सरपंच संघ का ब्लॉक अध्यक्ष बनाया गया है। जबकि, उपाध्यक्ष लोचन पटेल (सरपंच मोखा पुटका), मोहित रौतिया (सरपंच तोषगांव), तपस्विनी साहू (सरपंच जोगनी पाली), ▶▶| शेष पेज 10 पर

### रैली निकालकर राष्ट्रपति के नाम सौंपा ज्ञापन

# हिंदुओं के खिलाफ बंगाल में हो रही हिंसा पर जताया विरोध

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

बंगाल में हिंदुओं के विरूद्ध की जा रही हिंसा के विरोध में विश्व हिंदू परिषद ने सोमवार को पश्चिम बंगाल सरकार का पुतला दहन किया। इस दौरान वक्ताओं ने कहा कि वक्फ कानून के विरोध की आड़ में संपूर्ण बंगाल को जिस प्रकार हिंसा की आग में जलाया जा रहा है,हिंदुओं को प्रताड़ित किया जा रहा है,राष्ट्र विरोधी और हिंदू विरोधी तत्वों को निर्बाध रूप से अपने षडयंत्रों को क्रियान्वित करने की खुली छूट दी जा रही है, उससे स्पष्ट लगता है कि बंगाल की स्थिति अत्यधिक चिंताजनक है।

वक्ताओं ने कहा कि मुस्लिम भीड़ द्वारा 11 अप्रैल, 2025 को वक्फ कानून के विरोध के नाम पर किया गया हिंसक प्रदर्शन कानून बनाने वाली सरकार के विरोध में नहीं अपितु हिंदुओं पर हिंसक आक्रमण के रूप में था जबकि हिंदू समाज का इस कानून के निर्माण में कोई भूमिका नहीं थी और यह एक शुद्ध संवैधानिक प्रक्रिया थी। इसका स्पष्ट अर्थ है कि वक्फ तो केवल बहाना था, असली उद्देश्य मुर्शिदाबाद को हिंदू शून्य बनाना था।





आज की बंगाल की स्थिति से यह स्पष्ट है कि ममता सरकार भारत के संघीय ढांचे को बंगाल में ध्वस्त कर अपनी सरकार और वोट बैंक को सुरक्षित रखने के लिए किसी भी सीमा तक जा सकती है।बंगाल में राष्ट्रीय सुरक्षा खतरे में आ चुकी है । बांग्लादेशी व रोहिंग्या घुसपैठियों को निर्बाध रूप से आने दिया जा रहा है। उनके आधार कार्ड बनाए जा रहे हैं। पाकिस्तानी तथा बांग्लादेशी आतंकी संगठनों की सक्रियता बढ़ती जा रही है । बंगाल व बांग्लादेश की 450 किलोमीटर की सीमा पर तार लगाने का काम अविलंब प्रारंभ किया जाए जिसे ममता बनर्जी ने रोका हुआ था।आदि मांगों पर अविलंब और त्वरित कार्यवाही करने की मांग कलेक्टर के माध्यम से माननीय महामहिम राष्ट्रपति जी से की गई।

### यह रहे इस दौरान मौजूद

पुतला दहन एवं कलेक्टर को सौपने के कार्यक्रम में प्रमुख रूप से विश्व हिंदू अध्यक्ष,विश्व हिंदू परिषद के जिला अध्यक्ष सौरभ अग्रवाल, विभाग मंत्री अखिलेश लूनिया, जिला मंत्री बसंत देवता, मातृ शक्ति जिला सयोजिक अनिता चौधरी, जिला अध्यक्ष भाजपा एतराम साहू, नगर पालिका उपाध्यक्ष देवीचंद राठी, राहुल चंद्राकर, आनंद साहू, हनीश बग्गा, पार्षद भाऊ राम साहू, मुन्ना साहू, देवेंद्र दुबे, हुकुम चंद शर्मा, रितेश गोलछा, अग्रज शर्मा एवं विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल, सर्व हिंदू समाज के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

हरिभूमि
समाचार ही नहीं, विचार भी

माह मई 2025
जन्मदिन उत्सव फॉर्मेट
नोट : 1 मई से 31 मई तक जिन पाठकों का जन्मदिन हो अपना फॉर्मेट भरकर 25 अप्रैल 2025 तक जमा कर सकते हैं।

अब हर माह आप बनेंगे भाग्यशाली विजेता
महाबम्पर ड्रॉ में शामिल होने का सुनहरा अवसर

प्रथम पुरस्कार: 1 तोला, 5 नग सोने का हार
द्वितीय पुरस्कार: 1 स्कूटी (EV)
तृतीय पुरस्कार: 2 नग रेफ्रीजरेटर
चतुर्थ पुरस्कार: 3 नग LED TV
सांत्वना पुरस्कार: 1100
नियम व शर्तें लागू*

कार्यालय प्रति
पाठक का नाम ____ मो.नं. ____
पिता का नाम ____ जन्मतिथि ____
स्थान ____ जिला ____
एजेंसी का नाम ____
एजेंसी का पता ____ मो.नं. ____

नियम व शर्तें : 1. हर माह जन्मदिन उत्सव फॉरमेट प्रकाशित किया जायेगा। योजना में भाग लेने के लिए पाठकों को हरिभूमि में प्रकाशित फार्मेट को भरकर हरिभूमि कार्यालय, ब्यूरो कार्यालय या अपने एजेंट/एजेंसी के पास जमा कर सकते हैं। 2. हरिभूमि के नये एवं पुराने पाठक इसमें भाग ले सकते हैं, जन्मदिन के फार्मेट एक माह पहले मंगाये जायेंगे, उनके जन्मदिन पर उन्हें सुनिश्चित उपहार दिया जायेगा। 3. प्राप्त जन्मदिन के फार्मेट को एकत्रित कर महाबम्पर ड्रा में शामिल किया जायेगा जिसका ड्रॉ नवम्बर 2025 में किया जायेगा। 4. जन्मदिन फार्मेट के साथ आधार कार्ड या जन्म प्रमाण पत्र की छायाप्रति के साथ 3 माह अखबार का मासिक बिल लगाना अनिवार्य होगा। 5. जन्मदिन फार्मेट की फोटो कापी मान्य नहीं होगी। 6. राज्य सरकार एवं केन्द्र सरकार के सभी नियम लागू होंगे। इस योजना के विजेता को आयकर के नियम व शर्तें मान्य होगी। हरिभूमि निर्णायक मंडल का निर्णय अंतिम एवं सर्वमान्य होगा। किसी प्रकार के विवाद में न्यायालय क्षेत्र रायपुर होगा। हरिभूमि कर्मचारी, एजेंट व उनके परिवार के सदस्य इस योजना के पात्र नहीं हो सकते। 7. चित्र में दर्शाए गए उपहार भिन्न हो सकते हैं।

हरिभूमि — ग्राहक प्रति — जन्मदिन उत्सव
पाठक का नाम ____ मो.नं. ____
पिता का नाम ____ जन्मतिथि ____
स्थान ____ जिला ____
एजेंसी का नाम ____
एजेंसी का पता ____ मो.नं. ____

## खबर संक्षेप

### भारतीय शिक्षा बोर्ड की संगोष्ठी में 250 विद्यालयों के प्राचार्यों ने लिया भाग



**रायपुर।** समता कॉलोनी स्थित महाराजा अग्रसेन इंटरनेशनल कॉलेज में रविवार को भारतीय शिक्षा बोर्ड छत्तीसगढ़ रायपुर की संगोष्ठी हुई, जिसमें 250 विद्यालयों के संचालक एवं प्राचार्यों ने भाग लिया। इस मौके पर मुख्य अतिथि महापौर मीनल चौबे ने कहा कि भारतीय शिक्षा बोर्ड को शिक्षा के क्षेत्र में एक सतत व्यापक एवं भारत को आत्मनिर्भर बनाकर विश्वगुरु के पद पर प्रतिष्ठित करना है। उन्होंने इसे स्वामी रामदेव महाराज का शिक्षा के क्षेत्र में व्यापक एवं समग्र क्रांति के लिए बहुत अच्छा कदम बताया। इसी दौरान मुख्य वक्ता भारतीय शिक्षा बोर्ड के कार्यवाहक अध्यक्ष डॉ. एनपी सिंह ने भारतीय शिक्षा बोर्ड का उद्देश्य आधुनिक शिक्षा के साथ-साथ वैदिक शिक्षा देकर सनातन और नूतन का संगम कर प्रत्येक विद्यार्थी को भारतीयता का बोध के साथ आत्मगौरव का भाव जागृत कर पवित्र, चरित्र और व्यक्तित्व युक्त नेतृत्व का निर्माण करना बताया। कार्यक्रम को सुनील अग्रवाल लेंद्रवाले, जिला शिक्षा अधिकारी डॉ. एमआर सावंत, गोपाल चक्रधारी, राजीव गुप्ता आदि ने संबोधित किया।

### चेक चोरी कर डेढ़ लाख का आहरण

**रायपुर।** डूमरतराई में पशु आहार बनाने कच्चे माल का कारोबार करने वाले कारोबारी ने अज्ञात के खिलाफ उसकी फर्म के तीन चेक चोरी कर डेढ़ लाख रुपए आहरण करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस के मुताबिक, अनिल जायसवाल ने चोरी की शिकायत दर्ज कराई है। अनिल ने पुलिस को बताया कि मार्च में अज्ञात व्यक्ति ने उसकी फर्म के तीन चेक चोरी कर बैंक से रुपए आहरण कर लिए।

# बादलों का सटीक लोकेशन बताने 10 करोड़ की लागत से रडार रेडी, अब हरी झंडी की प्रतीक्षा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

बादलों का सटीक लोकेशन बताने वाला मौसम विज्ञान केंद्र का कलर डॉप्लर रडार बनकर तैयार हो गया है। 10 करोड़ की लागत से बनाए गए इस रडार का उपयोग केंद्रीय मंत्रालय की हरी झंडी के बाद किया जाएगा। इस रडार की मदद से मौसम संबंधी जानकारियों और पूर्वानुमान में अधिक सटीकता आएगी, साथ ही 3 सौ किलोमीटर की रेंज तक मौसम तंत्रिकाओं पर नजर रखी जा सकेगी।

मौसम विज्ञान केंद्र के इस महत्वपूर्ण कलर डॉप्लर रडार को इंदिरा गांधी कृषि विवि परिसर में स्थापित किया गया है। करीब ढाई साल पहले इस रडार को स्थापित करने के लिए एमओयू किया गया था।

हरिभूमि फॉलोअप

## मौसम विज्ञान केंद्र का कलर डॉप्लर रडार, कृषि विवि में किया गया है स्थापित



### दस मीटर ऊंचा, प्रदेश में पहला रडार

मौसम विभाग के सूत्रों के अनुसार, 10 करोड़ की लागत से तैयार किया गया कलर डॉप्लर रडार दस मीटर ऊंचा है। इसमें विभिन्न तरह के आधुनिक सिस्टम लगाए गए हैं, साथ ही स्टाफ की ड्यूटी भी लगाई गई है। रडार के काम करने के सिस्टम की वजह से माना विमानतल क्षेत्र में लगाने के प्रस्ताव को पूर्व में खारिज कर दिया गया था। इसके पूर्व लालपुर के मौसम विज्ञान केंद्र में भी इसकी स्थापना के प्रस्ताव को ठंडे बस्ते में डाल दिया गया था।

दस्तावेजों के साथ निर्माण की लंबी प्रक्रिया के बाद आखिरकार इसका काम पूरा हो चुका है। मौसम विभाग के विशेषज्ञों द्वारा इसकी टेस्टिंग की प्रक्रिया भी पूरी की जा चुकी है। आने वाले दिनों में केंद्रीय मंत्रालय के अधिकारियों द्वारा इसका लोकार्पण किए जाने के बाद उपयोग शुरू कर दिया जाएगा। मौसम विभाग की विशेषज्ञ डएॅ. गायत्री वाणी कांचिभोटला ने बताया कि इसके मदद से मौसम संबंधी गतिविधियों का सटीकता के साथ पूर्वानुमान लगाया जा सकेगा। इसके बारिश वाले बादलों के लोकेशन के साथ अन्य जानकारी भी विस्तृत रूप से प्राप्त हो सकेगी। स्थापित किए गए इस रडार की मदद से रायपुर के चारों लगभग तीन सौ किलोमीटर के दायरे में सक्रिय होने वाली किसी भी तरह की मौसमी गतिविधि पर नजर रखी जा सकेगी।

## अब अप्रैल में कीमत और आसमान पर

# साढ़े तीन माह में 20 हजार महंगा हुआ सोना अभी दाम 98000, एक लाख पहुंचेगी कीमत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



हरिभूमि सरोकार

सोने की कीमत नए साल में बहुत तेजी से बढ़ रही है। नए साल में साढ़े तीन माह में अब तक ऐतिहासिक करीब 20 हजार रुपए दाम बढ़ चुके हैं। इसके पहले कभी भी सोने के दाम इतनी रफ्तार से नहीं बढ़े हैं। बीते वर्ष सालभर में दाम 19300 रुपए बढ़े थे, लेकिन अब उससे ज्यादा दाम बढ़ चुके हैं। विगत 31 दिसंबर को सोने की कीमत 78400 रुपए थी, जो इस समय 98300 रुपए हो गई है। यह दाम शनिवार को बंद हुए बाजार का है। सोमवार को बाजार खुलने के बाद अगले सप्ताह सोने के दाम कभी भी एक लाख तक जा सकते हैं। सोने की बढ़ती कीमत के कारण निवेश भी लगातार बढ़ रहा है। अब रोज सोने में 30 करोड़ का निवेश हो रहा है। नए साल में अब तक सोने के दाम 19900 रुपए बढ़े हैं, यह अब तक रिकॉर्ड है। इसके पहले कभी भी इतने कम समय में इतने दाम नहीं बढ़े हैं। 31 दिसंबर 2024 को कीमत 78400 रुपए थी, 1 जनवरी को कीमत 79 हजार रही। 7 जनवरी को कीमत 80 हजार पहुंची। इसके बाद एक सप्ताह में कीमत 81 हजार के पार हो गई। फिर एक सप्ताह के बाद कीमत 82 हजारी हुई और अंतिम सप्ताह में पहले कीमत 83 हजारी हुई और फिर माह के अंतिम दिन 31 जनवरी को कीमत 84150 रही। फरवरी में करीब पांच हजार दाम बढ़े और कीमत 89 हजार तक गई। इसके बाद कीमत में कमी आई और फिर मार्च में कीमत में तेजी आती चली गई। मार्च में माह के अंतिम दिन कीमत ने नया रिकॉर्ड बनाया और कीमत 93 हजार के भी पार हो गई। इसके बाद अब अप्रैल में कीमत और आसमान पर जा रही है। अब तो कीमत 98300 हो गई है।

### सोने की पांच साल की एक जनवरी और 31 दिसंबर की कीमत

*2020 में सोना 39150 से 51300 रुपए*
*2021 में सोना 51400 से 49150 रुपए*
*2022 में सोना 49500 से 54000 रुपए*
*2023 में सोना 54000 से 62900*
*2024 में सोना 62900 से 78400 रुपए*
*2025 में 19 अप्रैल को 98300 रुपए*

### सालभर में दाम बढ़े थे 19300

सोने ने बीते साल निवेशकों को सबसे ज्यादा लुभाने का काम किया है। सोने की कीमत बीते साल भी तेजी से बढ़ी। पहले कभी इतनी तेजी से कीमत नहीं बढ़ी थी। साल भर में सोना रिकॉर्ड 19 हजार तीन सौ रुपए तक महंगा हुआ। जो सोना एक जनवरी 2024 को 62900 रुपए था, वहीं 30 अक्टूबर को रिकॉर्ड 82200 रुपए तक गया। हालांकि 31 दिसंबर को कीमत 78400 रुपए रही।

### अब रोज 30 करोड़ का निवेश

अपने राज्य में सोने और चांदी का रोज का कारोबार 50 करोड़ का है। इसमें से आधा यानी 25 करोड़ का कारोबार निवेशकों का है। निवेशक जहां 20 करोड़ रुपए सोने में निवेश करते हैं, वहीं पांच करोड़ रोज का चांदी में निवेश किया जाता है। लेकिन इस साल सोने की कीमत में लगातार इजाफा होने के कारण अब रोज 30 करोड़ का निवेश सोने में ही हो रहा है। चांदी में भी निवेश पांच करोड़ से ज्यादा का हो गया है।

## गुजरात की एजेंसी को मिला ठेका

# राजधानी में 100 ई-बसें दौड़ेंगी, रोडमैप तय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राजधानी की सड़कों पर जल्द ही पब्लिक ट्रांसपोर्ट सेवा के लिए इको फ्रेंडली ई-बसें संचालित होने जा रही हैं। बस संचालन के लिए पूर्व निर्धारित रूट के अलावा कुछ नए रूट तय किए गए हैं, जहां ई-बस का संचालन किया जाएगा। पूर्व में संचालित सिटी बसें पूरी तरह से कंडम हो गई हैं। बस संचालन के लिए गुजरात अहमदाबाद की चार्टडेड स्पीड लिमिटेड कंपनी को एजेंसी दी गई है। गुजरात की कंपनी स्थानीय स्तर पर ऑपरेटर तय कर बसों का संचालन करेगी। ई-बस संचालन के लिए रूट तय कर लिया गया है, बस संचालकों ने 62.20 रुपए प्रति किमी के हिसाब से रेट तय किया गया है। पूर्व में संचालित 67 सिटी बसों में से आधी से ज्यादा कबाड़ में तब्दील हो चुकी हैं। वर्तमान में महज 25 सिटी बसों का संचालन किया जा रहा है।

### ऑटोवालों की मनमानी से राहत

वर्तमान में गिनती के सिटी बसें संचालित होने की वजह से कम दूरी पर यात्रा करने वालों को सामान्य बसों में भारी-भरकम किराया चुकाना पड़ता है। इसके अलावा ऑटो के साथ ई-रिक्शा चालक लोगों से मनमानी किराया भाड़ा वसूलते हैं। पर्याप्त संख्या में सिटी बस ऑटो चालकों की मनमानी पर लगाम लगेगी।

### इन मार्गों पर सिटी बस का संचालन

- *रेलवे स्टेशन से घड़ी चौक, मैग्नेटो माल, एमएम फन सिटी, भानसोज*
- *रेलवे स्टेशन से घड़ी चौक, माना बस्ती, रावतपुरा कॉलेज, चंपारण*
- *रेलवे स्टेशन से तेलीबांधा, मंदिर हसौद, कुरुद, चंद्रखुरी*
- *रेलवे स्टेशन से धरसींवा, खैरखुंट, सुंगेरा*
- *रेलवे स्टेशन से नवा रायपुर मंत्रालय, संचालनालय वाया जोरा*
- *रेलवे स्टेशन से नवा रायपुर मंत्रालय, संचालनलय वाया माना बस्ती चौक, नगर घड़ी, पचपेड़ी नाका, टाटीबंध, रेलवे स्टेशन से पंडरी बस स्टैंड, विधानसभा, मांढर, सिलियारी, रेलवे स्टेशन से भाठागांव बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन से कुम्हारी बस्ती, घड़ी चौक व्हाया कुम्हारी चौक*
- *रेलवे स्टेशन से माना एयरपोर्ट व्हाया घड़ी चौक, माना कैंप, रेलवे स्टेशन से मंदिर हसौद, नवागांव, पलौद, कोटनी, रेलवे स्टेशन से पंडारी बस स्टैंड, अवंति चौक, मोवा, जीरो पाइंट, विधानसभा, दोंदे, खरोरा तिगड्डा, रेलवे स्टेशन से फाफाडीह सिलियारी स्टेशन, रेलवे स्टेशन से फाफाडीह, भनपुरी, उरला, कुम्हारी*
- *एयरपोर्ट से टाटीबंध चौक, भिलाई, दुर्ग बस स्टैंड, एयरपोर्ट से तेलीबांधा चौक, कुम्हारी, चरौदा, भिलाई-3, पॉवर हाउस, नेहरू नगर, दुर्ग बस तक स्टैंड (एसी बस)।*

# निगम मुख्यालय और पंडरी कपड़ा मार्केट में होगी तिमंजिला स्वचालित पार्किंग की सुविधा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर




राजधानी में मेट्रो सिटी की तर्ज पर नगर निगम कम स्पेस में स्वचालित सिस्टम से वाहनों के पार्किंग की सुविधा उपलब्ध कराएगा। प्रयोग बतौर शहर के दो स्थानों पर हाइड्रोलिक मैकेनाइज्ड पार्किंग की शुरुआत की जाएगी। इसमें महात्मा गांधी सदन के पिछले हिस्से की खाली पड़ी जमीन और पंडरी कपड़ा मार्केट परिसर में इसके लिए जगह चिन्हांकित की गई है। निगम के योजना शाखा ने इसके लिए ऑनलाइन टेंडर में दिल्ली की सालासर टेक्नीकल पार्किंग सर्विसेस एजेंसी को अनुबंधित किया है।

- कम स्पेस में हाइड्रोलिक लिफ्टिंग प्लेटफार्म का कांसेप्ट
- ऑनलाइन टेंडर में दिल्ली की सालासर टेक्नीकल कंपनी चयनित

पार्किंग की समस्या से जूझ रहे शहर में नगर निगम अब स्वचालित हाइड्रोलिक मैकेनाइज्ड पार्किंग सिस्टम को प्रयोग बतौर अपनाने जा रहा है। प्रोजेक्ट से जुड़े अधिकारियों ने बताया कि सीमित स्थान में वाहनों को सुरक्षित रूप से पार्क करने हाइड्रोलिक लिफ्टिंग प्लेटफार्म का उपयोग करते हैं। ये सिस्टम विशेष रूप से कम स्पेस वाले क्षेत्रों में ज्यादा उपयोगी होता है। इसमें पार्किंग आसान और सुविधाजनक होगी। उपयोगकर्ता को अपने वाहन पार्क करने या वापस लाने की जरूरत नहीं पड़ेगी।

### निगम मुख्यालय में जी प्लस थ्री स्वचालित पार्किंग

*रायपुर नगर निगम अपने स्टाफ के लिए 18 लाख रुपए की लागत से तिमंजिला स्वचालित पार्किंग की सुविधा देने की तैयारी में है। इसमें 12 कार पार्क करने की सुविधा रहेगी। अनुबंधित एजेंसी 2 साल तक इसका संचालन व संधारण कार्य करेगी। इससे नगर निगम के अधिकारी-कर्मचारी जहां अपने वाहन की सुरक्षा को लेकर निश्चिंत हो पाएंगे, वहीं गांधी सदन में पार्किंग को लेकर हो रही दिक्कत दूर होगी। इसी तरह पंडरी कपड़ा मार्केट में 23 चारपहिया वाहनों के लिए 55 लाख की लागत से हाइड्रोलिक मैकेनाइज्ड पार्किंग सिस्टम विकसित होगा। मॉल की तर्ज पर शहर के थोक कपड़ा मार्केट में लोग अपनी गाड़ियां बिना किसी दिक्कत के पार्क कर सकेंगे। तीनमंजिला स्वचालित पार्किंग तैयार करने एजेंसी तय हो गई है।*

# 70 वार्डों से रोज निकल रहा 600 टन कूड़ा, डंप करने मात्र 9 ट्रांसफर स्टेशन

**रायपुर।** शहर के 70 वार्डों से निकल रहे कूड़ा को शहर के भीतर रखने नगर निगम के पास जगह का टोटा है। रामकी के पास केवल 9 कलेक्शन पाइंट हैं, जहां पर 255 सफाई गाड़ियों में 70 वार्डों से प्रतिदिन निकलने वाला 600 मीट्रिक टन कूड़ा को लाया जाता है। यही कारण है कि रायपुरा में कचरा एकत्रित करने वाली गाड़ी को बूढ़ापारा के पुराने धरनास्थल के पास कलेक्शन पाइंट तक आना पड़ता है, क्योंकि वहां आसपास ठेका कंपनी को ट्रांसफर स्टेशन के लिए निगम ने जगह नहीं दिलाई। हैरानी की बात ये है कि धरना स्थल वाले पाइंट में 4 जोन से 28 वार्डों का कचरा रोज पहुंच रहा है। इसे खाली करने सुबह और देर शाम तक गाड़ियों की लाइन लगी रहती है। यही हाल शहर की अन्य जगहों पर बनाये गये ट्रांसफर स्टेशन का है।

**20 जगहों पर चाहिए ट्रांसफर स्टेशन, बना पाए मात्र 9-** शहर के विस्तार को देखते हुए रामकी कंपनी ने नगर निगम प्रशासन को ट्रांसफर स्टेशन बनाने शहरभर में 20 से 25 जगहों पर ट्रांसफर स्टेशन बनाने जगह उपलब्ध कराने की मांग की है। रामकी के सिटी हेड योगेश कुमार का कहना है, निगम आयुक्त के साथ चर्चा में सेकेंडरी कलेक्शन पाइंट के लिए जगह उपलब्ध कराने की मांग की गई है।

### जगह चिन्हांकित कर रहे

रामकी कंपनी के साथ शहर में नए ट्रांसफर स्टेशन बनाने के लिए जगह चिन्हांकित कर रहे हैं, ताकि सफाई गाड़ियों को कचरा खाली करने ज्यादा दूरी तय न करनी पड़े।

- **विश्वदीप**, आयुक्त, नगर निगम रायपुर

# अरहर दाल में राहत का तड़का, तीन साल बाद कीमत लौटी 100 से 120 तक



### अन्य दालें भी सस्ती

अन्य दालें भी इस समय सस्ती हो गई हैं। चना दाल थोक में 70 से 75 और चिल्हर में 80 से 85 रुपए, उड़द दाल थोक में 95 से 110 और चिल्हर में 100 से 120, मूंग दाल थोक में 90 से 100 और चिल्हर में 100 से 110 रुपए है। देशी चना थोक में 57 रुपए और चिल्हर में 65 रुपए में मिल रहा है। काबुली चना भी बहुत सस्ता हो गया है। इसके दाम भी 180 रुपए तक चले गए थे, अब यह थोक में 110 रुपए और चिल्हर में 120 रुपए में बिक रहा है।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

अरहर दाल की कीमत अब जाकर तीन साल बाद वापस पुराने दाम पर लौट आई है। 2022 में अरहर दाल की कीमत 100 से 120 रुपए थी, अब यही कीमत इस समय हो गई। चिल्हर में अच्छी क्वालिटी की दाल 110 से 120 में मिल रही है। बीते साल जहां अरहर दाल के दाम 200 रुपए थे, वहीं अंतिम माह दिसंबर में ही अरहर दाल की कीमत चिल्हर में 180 रुपए थी। दूसरी दालों के दाम भी अब कम हो गए हैं। किसी भी दाल के दाम इस समय थोक में सौ रुपए के अंदर हैं। चिल्हर में दाम कुछ ज्यादा हैं।

- बीते साल ही 200 रुपए तक हो गए थे दाम

अरहर दाल ही हर घर और होटलों, ढाबों, रेस्टोरेंट में ज्यादा बनती है। इस दाल की डिमांड पूरे देश में सबसे ज्यादा रहती है। अपने राज्य छत्तीसगढ़ में भी इसकी डिमांड ज्यादा है। यहां पर यह दाल महाराष्ट्र से ज्यादा आती है। वैसे लोकल दाल की भी बहुत मांग रहती है। आमतौर पर महाराष्ट्र की दाल को ज्यादा पसंद किया जाता है। इसके दाम लोकल दाल से थोड़े ज्यादा रहते हैं।

### दो सौ के पार गए दाम

अरहर दाल की कीमत तीन साल पहले 2022 में थोक में 90 से 100 रुपए और चिल्हर में 100 से 120 रुपए थी। इसके बाद इसके दाम बढ़ने प्रारंभ हुए तो 2023 में इसकी कीमत दौ सौ रुपए के पार हो गई। थोक में जहां कीमत 190 रुपए हो गई, वहीं चिल्हर में इसके दाम 210 से 220 रुपए हो गए। ऐसा ही 2015 में भी हुआ था जब फसल प्रभावित हुई थी। 2023 में भी फसल कम होने की बात की गई। इसके बाद तो इसका असर 2024 तक रहा। इस साल भी इसके दाम दो सौ रुपए तक रहे। 2024 के अंतिम माह में कीमत थोक में 140 से 160 और चिल्हर में 160 से 180 रुपए तक रही।

### नए फसल आने से घटे दाम

इस साल जनवरी में जब इसकी नई फसल आई तो इसके बाद इसके दाम घटने प्रारंभ हुए। हालांकि शुरुआत में ज्यादा दाम कम नहीं हुए। लेकिन फिर भी राहत रही, क्योंकि जो दाल चिल्हर में 160 से 180 रुपए मिल रही थी, वह कम होकर 140 से 160 रुपए हो गई। इसके बाद लगातार दाम कम होते-होते अब अप्रैल इसके दाम थोक में 100 से 110 और चिल्हर में 110 से 120 रुपए हो गए हैं। थोक मे 110 रुपए वाली दाल महाराष्ट्र की अच्छी क्वालिटी की है, यह चिल्हर में 120 में मिल रही है। इसी तरह से थोक में 100 रुपए में मिलने वाली दाल चिल्हर में 110 रुपए में मिल रही है।

## मुख्यमंत्री गौवंश मोबाइल चिकित्सा योजना का लाभ नहीं मिल पा रहा

# बीमार व दुर्घटनाग्रस्त मवेशियों को समय पर नहीं मिल पा रहा उपचार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

मवेशीपालकों के घर पहुंचकर पशु चिकित्सा एवं कृत्रिम गर्भाधान सुविधा उपलब्ध कराने के लिए शासन ने दो वर्ष पूर्व 'मुख्यमंत्री गौवंश मोबाइल चिकित्सा योजना' शुरू करते हुए मुफ्त पशु चिकित्सा सुविधा एवं परामर्श हेतु टोल फ्री नम्बर 1962 जारी किया। लेकिन, यह सुविधा केवल नाम की ही रह गयी है। अब यह शिकायत आम हो गयी है कि इस टोल फ्री नंबर पर कॉल करने पर परामर्श या मोबाइल वेटनरी यूनिट की सुविधा नहीं मिल पाती है। जिससे बीमार व दुर्घटनाग्रस्त मवेशियों को समय पर उपचार नहीं मिल पा रहा है।

बता दें कि 20 अगस्त 2023 को तत्कालीन मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने योजना अंतर्गत प्रदेश में एक साथ 163 मोबाइल वेटनरी यूनिट का शुभारंभ किया था। यूनिट में डॉक्टर्स के साथ पैरावेट और हेल्पर भी मौजूद रहते हैं। मोबाइल मेडिकल यूनिट से सुबह 8 से शाम 4 बजे तक मवेशियों का इलाज का समय निर्धारित किया गया था



### अभी तक शिकायत नहीं

टोल-फ्री नंबर 1962 रायपुर से संचालित किया जाता है। लिखित में शिकायत आने पर हम आगे की प्रक्रिया बढ़ाएंगे। अभी तक किसी ने लिखित में शिकायत नहीं की है।

डॉ अंजना नायडू
उपसंचालक, पशु चिकित्सा विभाग

यूनिट गांव-गौठान में पहुंचकर चिकित्सक मवेशियों का स्वास्थ्य परीक्षण, टीकाकरण और कृत्रिम गर्भधान के लिए भी टीके, लिक्विड नाइट्रोजन गैस, सीमेन की व्यवस्था भी करना शामिल है। जिले में पशुचिकित्सा विभाग को सात मोबाइल वाहन शासन द्वारा प्रदान किया गया था। मवेशी पशुपालकों का कहना है कि रात में मवेशी दुर्घटना के शिकार हो जाते हैं तब समय निर्धारण के कारण टोल-फ्री नंबर का लाभ नहीं मिलता।

यह वाहन केवल दिन में अपने निर्धारित जगहों पर ही दस्तक देता है और वापस चला जाता है। पशुचिकित्सा विभाग की टीम को शहर में ही पहुंचने में एक से डेढ़ घंटे लग जाता है। जिससे दुर्घटनाग्रस्त मवेशियों को समय पर उपचार भी नहीं मिल पाता। मोबाइल वेटनरी यूनिट केवल अपने निर्धारित रूट पर दो-तीन गांव की गौशालाओं में ही जाती है। बीमार मवेशियों को पशु चिकित्सालय ले जाने वाहन भी उपलब्ध नहीं हो पाता। विभाग में शिकायत करने के बाद भी टालमटोल किया जाता है। पूर्व में भी पशुपालक विभाग की शिकायत की जा चुकी है, बावजूद मवेशियों को अस्पताल तक पहुंचाने के लिए वाहन नहीं मिल पाते।

### कैसे लें योजना का लाभ

मवेशीपालक दिए गए टोल फ्री नंबर 1962 पर संपर्क कर सकते हैं। मवेशीपालक अपना पता, लोकेशन बताकर बीमार मवेशी के इलाज के लिए मोबाइल वेटनरी यूनिट को बुला सकेंगे। मवेशीपालक सुबह 8 से शाम 4 बजे तक संपर्क कर सकते हैं। इस कॉल सेंटर से मवेशीपालकों को पशुधन विकास और मवेशी स्वास्थ्य संबंधी गतिविधियों की जानकारी भी दी जाएगी। मोबाइल वेटनरी यूनिटों में जीपीएस ट्रैकिंग सिस्टम लगाया गया है। इससे ऑनलाइन रियल टाइम लोकेशन भी देखा जा सकता है।

### सड़क पर मवेशियों जमावड़ा

सरकार बदलने के बाद से ही गोठान बदहाल हो चुके हैं। गोठानों में लगाए गए सोलर पंप भी नाम के रह गए हैं। अब यह उपकरण चोरी भी हो रहे हैं। गोठानों की देख-रेख भी नहीं हो रही है। वर्तमान सरकार ने मवेशियों की देखभाल के लिए अब तक कोई व्यवस्था नहीं की है। जिससे मवेशी सड़क पर भी भटक रहे हैं और दुर्घटना के शिकार हो रहे हैं।

## पेज 9 के शेष

### सर्व सम्मति से सरपंच संघ...

रश्मि पंडा (सरपंच सिंघोड़ा) , मधुबन भोई (जंगल बेड़ा) तथा महेश पटेल ( सरपंच बेलमुंडी ) शामिल हैं। सचिव पद के लिए संजय चौधरी (सरपंच परसदा ), नीलांचल भोई ( सरपंच कुसमीसरार), ललित पटेल ( सरपंच बिरकोल ) व सैधो विशाल शामिल हैं। सहसचिव में गोलू पटेल, भूमिसुता देहरी, नेपाल सिदार, देवकी खिरोद्र, चितरंजन प्रधान, कोषाध्यक्ष पद के लिए केजुवा सरपंच चेतन नायक, मंजूलता भोई हरिशंकर नेटी को बनाया गया है।

### नपा उपाध्यक्ष ने पीएम...

बाद मकान निर्माण उपरांत गृह प्रवेश पर छ.ग. सरकार के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय एवं उप मुख्यमंत्री नगरीय प्रशासन मंत्री अरूण साव के द्वारा मुख्यमत्री गृह प्रवेश योजना के तहत 32850 रुपए की राशि दी जाएगी। आवेदन करने वाले हितग्राही के पास कम से कम 250 वर्ग फीट की जमीन होनी चाहिए। आवास प्रभारी का निर्देशित किया गया कि जब तक आवेदन रायपुर नहीं भेजे जाते है, तब तक सभी के आवेदन लेकर जांच उपरांत शासन को भेजा जाए।

खबर संक्षेप

### अष्टप्रहरी संकीर्तन हरिनाम यज्ञ में शामिल हुए जनपद सभापति प्रकाश सिन्हा

**बसना।** जनपद पंचायत क्षेत्र अंकोरी अंतर्गत ग्राम बिरसिंगपाली एवं परगला (पलसापाली) में आयोजित चैतन्य महाप्रभु के अष्टप्रहरी संकीर्तन हरिनाम यज्ञ में जनपद पंचायत बसना सभापति प्रकाश सिन्हा शामिल हुए। उन्होंने विधिवत पूजा अर्चना कर क्षेत्र की सुख, समृद्धि, विकास और खुशहाली की कामना की। सभापति प्रकाश सिन्हा ने कहा अष्टप्रहरी संकीर्तन हरिनाम यज्ञ आदि अनादि काल से पूर्वजों रीति रिवाजों से चलता आ रहा है। हरे कृष्ण, हरे राम नाम तन मन को प्रफुल्लित कर देने वाले हरिनाम का जाप है। सोलह नामों तथा बत्तीस वर्णों से युक्त हरे राम हरे कृष्ण, कृष्ण कृष्ण हरे हरे महामंत्र का कीर्तन ही कलियुग में जीवों के उद्धार का एकमात्र उपाय है। कलियुग में केवल हरिनाम के जाप से ही उद्धार हो सकता है। कलियुग में इस महामंत्र का संकीर्तन करने मात्र से प्राणी मुक्ति के अधिकारी बन सकते हैं। कलियुग में भगवान की प्राप्ति का सबसे सरल साधन हरि का नाम-जप करना है। अष्टप्रहरी संकीर्तन हरिनाम यज्ञ में अनेकों किर्तन मण्डलीय शामिल हो कर अपनी कला का प्रदर्शन किया। इस दौरान प्रकाश सिन्हा ने ग्रामवासियों के साथ भंडारा प्रसाद ग्रहण किया। दोनों ग्राम के ग्रामीणों ने पेयजल समस्या हेतु बोर खनन की मांग और परगला (पलसापाली) तालाब में पचरी निर्माण करने की मांग की गई। उक्त कार्यक्रम में पूर्व जनपद सदस्य राजेंद्र डड़सेना, महेंद्र प्रधान, कौशल सिन्हा, पत्रकार आरके दास, सुखदेव वैष्णव, ग्राम सरपंच प्रतिनिधि बीरू यादव, पुष्पा भोई, डॉ ओमेश, जुगेश्वर बाग सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहें।

### संविधान बचाओ अभियान 22 अप्रैल से 30 मई तक

**रायपुर।** एआईसीसी के द्वारा जारी 40 दिवसीय राष्ट्रव्यापी संविधान बचाओ अभियान के तहत 22 से 30 मई तक 40 दिवसीय कार्यक्रम तैयार किया गया है। अभियान का उद्देश्य मोदी सरकार द्वारा संविधान और लोकतांत्रिक संस्थाओं पर किए जा रहे लगातार हमले, प्रतिशोध की राजनीति, आर्थिक कुप्रबंधन और सामाजिक न्याय के हनन का मुकाबला करना है।

निधन

### रोशन चंद्राकर



**महासमुंद।** स्थानीय कौशिक कालोनी निवासी रोशन चंद्राकर (73 वर्ष) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम के किया गया। वे केवल चंद्राकर के पिता व विजय चंद्राकर के भाई थे।

# शीघ्रता से निराकृत हुआ नवीन राशन कार्ड का आवेदन, लाभान्वित हुईं दीपांजली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के कुशल नेतृत्व में संचालित यह अभियान, शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं को ज़रूरतमंदों तक पारदर्शिता और त्वरित प्रक्रिया के माध्यम से पहुंचाने में एक महत्वपूर्ण कदम साबित हो रहा है। इसका मुख्य उद्देश्य पात्र हितग्राहियों को योजनाओं का त्वरित लाभ दिलाना और शासन-जनता के बीच सेतु का कार्य करना है, जिससे समाज के प्रत्येक वर्ग तक विकास की किरण पहुंच सके।




कलेक्टर विनय कुमार लंगेह के मार्गदर्शन में सुशासन तिहार के अंतर्गत प्राप्त आवेदनों का संबंधित विभागों द्वारा तत्परता से निराकरण किया जा रहा है। इसी क्रम में जनपद पंचायत बसना के वार्ड क्रमांक 01 की निवासी दीपांजली बिसी, पति श्रीकांत बिसी द्वारा प्रस्तुत नवीन राशन कार्ड हेतु आवेदन का शीघ्रता से परीक्षण किया गया। संबंधित अधिकारियों द्वारा की गई जांच में बिसी पात्र पाई गईं। पात्रता की पुष्टि होने के उपरांत उन्हें नवीन राशन कार्ड प्रदान कर लाभान्वित किया गया। उनके पति श्रीकांत ने नवीन राशन कार्ड प्राप्त होने पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के प्रति कृतज्ञता प्रकट करते हुए शासन की त्वरित कार्यप्रणाली की सराहना की।

## दिव्यांग हितग्राही तुलाराम को मिला ट्राईसिकल



**महासमुंद।** छत्तीसगढ़ शासन द्वारा आयोजित सुशासन तिहार के अंतर्गत आम जनता की समस्याओं के त्वरित समाधान एवं जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर जिले में व्यापक स्तर पर कार्य किया जा रहा है। इस तिहार के माध्यम से न केवल आम जनता की समस्याओं का समाधान हो रहा है, बल्कि शासन की योजनाओं का लाभ भी वास्तविक हितग्राहियों तक पहुँच रहा है। जनपद पंचायत बसना के ग्राम पंचायत जोगीपाली के ग्राम सराईपाली भुलका निवासी तुलाराम पिता सुकराम, जो कि अस्थिबाधित दिव्यांग हैं, उन्होंने ट्राईसिकल की मांग करते हुए आवेदन क्रमांक 25144577500018 प्रस्तुत किया था। इस आवेदन पर कलेक्टर विनय कुमार लंगेह के आदेश एवं उप संचालक समाज कल्याण संगीता सिंह के निर्देशानुसार त्वरित कार्रवाई करते हुए तुलाराम को जनपद पंचायत परिसर बसना में ट्राईसिकल प्रदान किया गया। ट्राईसिकल मिलने से तुलाराम अब अपनी दैनिक गतिविधियां आत्मनिर्भरता और स्वाभिमान केकारसाथ कर सकेंगे। उन्होंने इस पहल के लिए राज्य और प्रशासन का आभार व्यक्त करते हुए कहा, यह ट्राई साइकिल मेरे लिए एक नई ज़िंदगी की शुरुआत है। अब मैं अपने कार्य खुद कर सकूंगा। यह मेरे आत्मसम्मान की प्रतीक है।



# पीएम सेजेस तुमगांव में वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

सोमवार को पीएम स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय तुमगांव में छात्र, पालक एवं शिक्षकों की उपस्थिति में संस्था के प्राचार्य कुरील के द्वारा स्थानीय कक्षाओं की परीक्षा परिणाम की घोषणा की गई। परीक्षा परिणाम निम्नानुसार रहा, अंग्रेजी माध्यम कक्षा 1 से 4 एवं 6 से 7 तक सभी उत्तीर्ण रहे। कक्षा 1 में प्रथम अदिति अग्रवाल 91.33%, कक्षा 2 में प्रथम दृश्य जांगड़े 94% कक्षा 3 में धनंजय साहू 95.5%, कक्षा 4 में प्रथम प्रवीण कुमार ध्रुव 98%, कक्षा 6 अजय साहू 97.3%, कक्षा 7 में प्रथम झरोखा साहू 96.6%. कक्षा 9 का परीक्षा परिणाम 92.66% रहा, जिसमें प्रथम रमन ध्रुव ने प्राप्त किया तथा 11 वीं का परीक्षा परिणाम 86.6 % रहा, जिसमें प्रथम स्थान मयंक चौधरी ने प्राप्त किया। उसी प्रकार हिंदी माध्यम के कक्षा नवमी का परीक्षा परिणाम 71.7 रहा, जिसमें प्रथम स्थान देवकी ने प्राप्त किया एवं कक्षा 11 कला संकाय से पायल धीवर ने 69.2 प्रतिशत से प्रथम स्थान प्राप्त किया, विज्ञान संकाय से चेतन साहू ने 79.4 प्रतिशत से प्रथम स्थान प्राप्त किया, वाणिज्य संकाय से तुलसी साहू ने 70.8 प्रतिशत से प्रथम स्थान प्राप्त किया।

इस दौरान संस्था के प्राचार्य कुरील एवं दोनों माध्यमों के सभी शिक्षक आईएल साहू, धीवर, पवन डडसेना, सिद्धांत गायगौरे, सुरेश यादव, नवीन दास, सागर झा, सत्यम पांडेय, हेमलता साहू, ज्योति सिंह, कुसुम कुजूर, सविता ध्रुव, अंकिता ठाकरे, सजल चंद्राकर, तरूण सिन्हा, एलएन साहू, लोकेश साहू, डोलेश होता, मधुरिमा शर्मा, बरखा शर्मा, रेणुका साहू, वेनिका लकड़ा, भारती भार्गव, सोनाली साहू, मोनिका यादव, प्रगति साहू, लिली मजखंड, नलिनी ध्रुव, एवं समस्त अभिभावक छात्र उपस्थित रहें।

## फिक्स डे मानसिक स्वास्थ्य शिविर संपन्न



**महासमुंद।** राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत सीएचसी पिथौरा में फिक्स डे मानसिक स्वास्थ्य शिविर आयोजित किया गया। जिसमें 31 मरीजों को फ्री मेडिसिन के साथ साइकोसोशल इंटेर्वेसन किया गया। डॉ पी कुदेशिया सीएमएचओ महासमुंद, नीलू घृतलहरे डीपीएम और डॉ सीपी चंद्राकर नोडल अधिकारी मेंटल हेल्थ प्रोग्राम के समन्वय से फिक्स डे मानसिक स्वास्थ्य शिविर आयोजित किया गया। मानसिक तनाव को कम करने के लिए टिप्स भी दिया गया, कैंप में आये मरीजों और उनके साथ आये परिजनों की काउंसलिंग भी की गई। मरीजों को उचित देखभाल करने उनसे सामान्य व्यवहार, होने वाले तनाव को कम करने की सलाह दिया गया। डॉ बीबी कोसरिया बीएमओ पिथौरा, डॉ पीतांबर पटेल एमओ, जयकांत विश्वकर्मा बीपीएम और स्टॉफ का सहयोग रहा। मेडिकल कालेज सह जिला चिकित्सालय महासमुंद स्पर्श क्लीनिक मनोरोग विभाग से रामगोपाल खूंटे साइकेट्रिक सोसल वर्कर व स्टॉफ उपस्थित हुए।

## शिव मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह पर अष्टपहरी नाम यज्ञ का होगा आयोजन

**सरायपाली।** नगर के पतेरापाली वार्ड में नवनिर्मित शिव मंदिर में आगामी 1 से 5 मई तक 5 दिवसीय प्राण प्रतिष्ठा का आयोजन वार्डवासियों द्वारा किया गया है । इस संबंध में शिव मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह आयोजन समिति ने बताया कि शिव मंदिर, पतेरापाली मेव 1 से 5 मई तक 5 दिवसीय प्राणप्रतिष्ठा समारोह के प्रथम दिवस 1 मई को मंगल कलश यात्रा , 2 मई को मण्डप पूजन, देव पूजन, 3 मई को अग्नि स्थापना, हवन, 4 मई को महास्नान व प्राण प्रतिष्ठा तथा 5 मई को देव मंदिर प्रवेश का कार्यक्रम होगा ।

इस दौरान मनोरंजन कार्यक्रम मे 1 मई को रामेश्वरी महिला दण्ड नृत्य बरपाली, बरगांव (ओडिशा) , 2 मई को गणेश अपेरा (गौटियापार्टी) जटला (ओडिशा) , 3 मई को नाटा रंगबोती कुशल पार्टी असल बेटी व अष्टप्रहरि हरि नामयज्ञ के तहत 4 व 5 मई को सरिया (छ.ग.) गायक जाधव प्रधान, राजू प्रधान बरगांव (ओडिशा), नवीन भुवे भालूपतेरा (ओडिशा) तथा बाछा निधि भोई बराहकटा (ओडिशा) के साथ ही पारायण गायिका श्रुतिमयी होता, ग्राम डंगाछचा, पदमपुर (ओडिशा) दिनांक 02, 03, 04 मई 2025 (समय संध्या 6 बजे से रात्रि 10 बजे तक) कार्यक्रम का आयोजन होगा । संचालन समिति ने बताया कि उक्त सभी प्राणप्रतिष्ठा का आयोजन यज्ञ पुरोहित, आचार्य सब्यसांची मिश्र कुलपुरोहित व नरेंद्र पाणिग्राही, परसराम दास के नेतृत्व व सानिध्य में होगा ।

# जामा मस्जिद के सदर ने किया हज यात्रियों का इस्तकबाल

**महासमुंद।** हज की मुबारक यात्रा में आगामी 23 मई को रवाना होने वाले हाजी कलाम भाई का इस्तकबाल किया गया। हज यात्रा में नगर से जनाब कलाम भाई और उनकी अहिल्या 23 मई को हज यात्रा के लिए रवाना होंगे। इस मौके पर जामा मस्जिद के कार्यवाहक सदर जनाब हाजी जमील चौहान राजू भाई के निवास में इस्तकबालिया प्रोग्राम रखा गया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से हाजी लतीफ चौहान, हाजी जमील चौहान राजू भाई, हाजी अशरफ धनवानी, शब्बीर चौहान, सुल्तान अहमद बागड़ी, जाकिर रजा साहब नयापारा, रसीद चौहान, शेर मोहम्मद, नासिर खान, पार्षद हाफिज कुरैशी, तबरेज खान, शहीद



खान, कलीम कुरैशी, साजिद कुरैशी, तहिसिन अली, रहमान भाई, सुलेमान खान, नईम खान, इम्मू भाई, फिरोज खान, बाबा भाई फल वाले, अनवर हुसैन, पूर्व एल्डरमैन जावेद चौहान, आसिफ धनवानी, अमीन चौहान अम्मू, शकील चौहान, अकरम खान, सिराज बक्श, इरफान कुरैशी, बाबा भाई, राजा भाई, गुड्डु भाई, शेल्प वाले जाहिद चौहान, सैय्यद ईमरान अली, हाफिज भाई, नफीस कुरैशी, सैय्यद इरफान अली, शाहिद चौहान, इदरीश चौहान, इकबाल खान, अर्सी खान, बाबा भाई, हसनैन खान, आरिफ चौहान, शोहराब बागड़ी, अजीज चौहान सोनू, कादिर चौहान, अज्जु चौहान, शोहेब चौहान, ओवेस चौहान, सिप्टेन चौहान, रजा चौहान, फैजान चौहान, मोहम्मद रजा चौहान सहित बड़ी संख्या में मुस्लिम समाज के लोग मौजूद रहे।

# अखंड ज्योति तीर्थ यात्रा 23 को महासमुंद पहुंचेगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

अखिल विश्व गायत्री परिवार द्वारा माताजी की जन्म शताब्दी वर्ष (2026) एवं अखंड दीपक के शताब्दी वर्ष के अवसर पर संपूर्ण भारतवर्ष में अखंड ज्योति तीर्थ यात्रा निकाली जा रही है। यह रथ यात्रा 23 अप्रैल को छत्तीसगढ़ के महासमुंद जिले में प्रवेश कर रही है। यह यात्रा आने वाले एक महीने तक जिले के सभी विकासखंडों के लगभग 600 ग्रामों का भ्रमण करेगी। इस दौरान सत्संग, दीपयज्ञ, विचार गोष्ठियां एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से विचार क्रांति का संदेश जन-जन तक पहुंचाया जाएगा।



### अखंड ज्योति का महत्व

अखंड दीपक वह दिव्य ज्योति है, जिसे गायत्री परिवार के संस्थापक पूज्य पं. श्रीराम शर्मा आचार्य ने अपने 24 वर्षों की तपस्या एवं महापुरश्चरण के दौरान प्रज्ज्वलित किया था। यह दीपक उनकी तप-साधना, त्याग और संकल्प का प्रतीक है। इस दिव्य ज्योति के दर्शन मात्र से ही व्यक्ति को आध्यात्मिक ऊर्जा और पुण्य लाभ की अनुभूति होती है। यह दीपक आज भी अखंड रूप से जल रहा है और करोड़ों लोगों को मार्गदर्शन प्रदान कर रहा है।

23 अप्रैल को महासमुंद नगर में रथ यात्रा के कार्यक्रम के तहत प्रातः 8:30 से 10:00 बजे – शिवानंद कॉलोनी (शिव मंदिर के पास), 10 से 11 बजे – गायत्री शक्तिपीठ, महासमुंद, 11 से 12 बजे – शारदा मंदिर, इमलीभाठा, तुमगांव रोड, दोपहर 1 से 2 बजे – खरोरा, 2 से 3 बजे – श्रीराम मंदिर, गांधी चौक, सायं 3 बजे से आगे – गायत्री शक्तिपीठ, खैरा रहेगा।

## गौरव विद्या मंदिर में परिक्षा परिणाम घोषित, 11वीं में सोनम प्रथम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरायपाली

गौरव विद्या मंदिर में वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित शंकर बाल उन्नयन सेवा समिति द्वारा संचालित गौरव विद्या मंदिर में वार्षिक परीक्षा फल घोषित किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के संचालक तेज कुमार पंडा, प्राचार्य दिनेश कुमार सतपथी, प्रधानाचार्या,परीक्षा प्रभारी वशिष्ठ दास के उपस्थिति में हुआ।

प्रतिभावान छात्र–छात्राओं में प्ले कक्षा से प्रथम स्थान पर सैय्यद ताजुल अली,कुमारी जान पात्र, विराज नंद, रुद्र डोंगरी 100% द्वितीय स्थान पर रेयान खान 98.5% तृतीय स्थान पर निकिता बंजारा 95.5% । कक्षा पहली से प्रथम स्थान पर आकांक्षा दुबे, कुमारी सानिया यादव, कुमारी सौम्या बंजारा, कुमारी तानिया सेठ, चंद्रकुमार साहू, खुशांत यादव 100% द्वितीय स्थान पर जय डडसेना, कुमारी भूमिका डडसेना, आयुष महानंद 99.5% तृतीय स्थान पर कुणाल पटेल, प्रार्थना सागर 99% प्राप्त किए । कक्षा दूसरी से प्रथम स्थान पर अंकिता सतपथी, कुमारी टिवंकल दीवान, कुमारी ईशा महाकुड़, कुबेर दास 100% द्वितीय स्थान पर गायत्री डोंगरी, सुयश कुशवाहा 99.5% तृतीय स्थान पर यामिनी सिंह 99% प्राप्त किए । कक्षा तीसरी से प्रथम स्थान पर मोहम्मद मुज्जबिल, कुमारी शुभप्रदा नंद 100% द्वितीय स्थान पर मिशा प्रधान, रागिनी शर्मा 99.5% तृतीय स्थान पर आराध्या सोना, नैतिक डडसेना, विशाल गड़तिया 98% प्राप्त किए । कक्षा चौथी से प्रथम स्थान पर पूर्वी मलिक, कुमारी साक्षी यादव 100% द्वितीय स्थान पर भावना साहू, आरोही यादव 99.5% तृतीय स्थान पर प्रत्युष यादव 99% प्राप्त किए । कक्षा छठवीं से प्रथम स्थान पर सूरज रत्नाकर 95.83% द्वितीय स्थान पर डोली बंजारे 95% तीसरा स्थान पर अंजु , हिमांशी शर्मा 91.33% प्राप्त किए। कक्षा सातवीं से प्रथम स्थान पर पायल साहू 99% द्वितीय स्थान पर ममता पटेल 98.83% तृतीय स्थान पर टिशा यादव 98.16% प्राप्त किए । नवमी से प्रथम स्थान पर सुहाना साहू 97% द्वितीय स्थान पर रोशनी सिंह 96.83% तृतीय स्थान पर यशराज बारीक 96.16% प्राप्त किए । कक्षा ग्यारहवीं विज्ञान से प्रथम स्थान पर प्रिया पटेल 99.4% द्वितीय स्थान पर मेघा साहू 98.2% तृतीय स्थान पर हरिप्रिया पटेल 97.6% प्राप्त किए । ग्यारहवीं कॉमर्स से प्रथम स्थान पर सौरभ साहू 92% द्वितीय स्थान पर सोमित साहू 79% तृतीय स्थान पर कृष्णा भोई 78.4% प्राप्त किए। ग्यारहवीं कला से प्रथम स्थान पर सोनम साह 92.2% द्वितीय स्थान पर सीमा पटेल 88.4% तृतीय स्थान पर सौम्या त्रिपाठी 80% प्राप्त किए। सभी प्रतिभावान छात्र – छात्राओं एवं सभी उत्तीर्ण छात्र छात्राओं को हमारी विद्यालय के संचालक तेज कुमार पंडा, प्राचार्य दिनेश कुमार सतपथी, प्रधानाचार्य रामचन्द्र बाईल, एवं सभी शिक्षक शिक्षिकाओं ने शुभकामनाएं दीं।

## गोस्वामी समाज ने किया रमन का सम्मान



हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

छत्तीसगढ़ सनातन दशनाम गोस्वामी समाज के संस्थापक सदस्य, नीति निर्माण समिति के सदस्य तथा गोस्वामी समाज का लोगो तैयार करने वाले रमन गिरि गोस्वामी के निवास पहुंचकर गोस्वामी समाज जिला इकाई महासमुंद के पदाधिकारियों ने सौजन्य मुलाकात की। इस अवसर पर समाज के प्रति उनके द्वारा किए गए अमूल्य योगदान के लिए उन्हें सम्मानित किया गया। इस अवसर पर समाज के जिला अध्यक्ष तोषण गिरि गोस्वामी, सामाजिक पत्रिका दत्तप्रकाश के संपादक वीरेंद्र गिरि, रामेंद्र प्रकाश गिरि, शंकर पुरी, ओमप्रकाश पुरी, डिगेंद्र गिरि आदि उपस्थित रहे।

## चौथे सत्र की मान्यता के लिए तैयारी प्रारंभ एनएमसी की टीम अगले महीने देगी दस्तक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

चौथे सत्र की मान्यता के लिए मेडिकल कॉलेज प्रबंधन तैयारी में जुट गया है। मई महीने में एनएमसी की टीम निरीक्षण के लिए आ सकती है। फिलहाल, मेडिकल कॉलेज में स्टॉफ कम है और आधुनिक सुविधाएं भी नहीं हैं।

मेडिकल कॉलेज महासमुंद ने नए सत्र में 125 छात्रों का प्रवेश होना है। वर्तमान में लगभग 375 छात्र अध्ययन कर रहे हैं। तीन बैच की पढ़ाई हो रही है। नए सत्र की मान्यता प्रक्रिया चल रही है। मेडिकल कॉलेज प्रबंधन द्वारा ऑनलाइन दस्तावेजों को अपलोड किया जा रहा है। इधर, मेडिकल कॉलेज का निर्माण कार्य भी तेजी से चल रहा है। मेडिकल कॉलेज में फैकल्टी की कमी बनी हुई है। इसके अलावा स्टॉफ की भी भर्ती नहीं हो पाई है। मेडिकल कॉलेज ने प्रस्ताव शासन को भेजा था, लेकिन अब तक मंजूरी नहीं मिल पाई है। स्टॉफ और संसाधन के अभाव में प्रति वर्ष मान्यता का खतरा बना रहता है। एनएमसी की टीम ने पिछले वर्ष ऑनलाइन ही जायजा लिया था। इस बार टीम निरीक्षण करने आ सकती है। मेडिकल कॉलेज को सभी जरूरी तैयारियां पूरी रखने के लिए कहा गया है। एनएमसी की टीम पढ़ाई, स्टॉफ, फैकल्टी, चकित्सा सुविधाएं, छात्रों के लिए हॉस्टल सुविधा आदि देखने के बाद मान्यता की प्रक्रिया आगे बढ़ाएगी। मेडिकल कॉलेज के अलख राम वर्मा ने बताया कि ऑनलाइन दस्तावेज अपलोड किया जा रहा है। मेडिकल कॉलेज सह जिला अस्पताल द्वारा सिटी स्कैन मशीन की सुविधा के लिए एक निजी अस्पताल से करार करने की तैयारी चल रही है। हालांकि, निजी अस्पताल शहर के दूसरे छोर पर स्थिति होने से मरीजों को सिटी स्कैन के लिए लंबी दौड़ लगानी पड़ सकती है। सिटी स्कैन मशीन के लिए शासन को कई बार प्रस्ताव भेजने के बाद भी अब तक मशीन पहुंची नहीं है। इससे मरीज परेशान हैं। बजट में भी सिटी स्कैन मशीन के लिए राशि स्वीकृत हुई है, लेकिन कब तक मशीन मिलेगी, अधिकारी नहीं बता पा रहे हैं।

### कॉलेज का निर्माण कार्य जारी

मेडिकल कॉलेज का निर्माण कार्य जारी है। पहले चरण में अकादमिक भवन, स्टॉफ क्वार्टर, छात्रों के लिए हॉस्टल का निर्माण कराया जा रहा है। निर्माण कार्य पूरा होने समय लगेगा। इसलिए शहर में विभिन्न संस्थाओं के भवनों का अधिग्रहण किया गया है। जहां मेडिकल कॉलेज के छात्र रह सकें। **छात्रावास की होगी दिक्कत** : पिछले सत्र में नए छात्रों को रहने के लिए हॉस्टल की दिक्कत हुई थी। इस वर्ष भी लगभग 125 छात्र चौथे सत्र के लिए आएंगे। ऐसे में छात्रावास के लिए मेडिकल कॉलेज को भवन खोजने में जद्दोजहद करनी पड़ सकती है। एनएमसी की टीम व्यवस्थाओं को देखने के बाद भी नए सत्र के लिए मंजूरी प्रदान करेगी। फिलहाल, मेडिकल कॉलेज का भवन नहीं बनने से सुविधाओं का विस्तार नहीं हो पा रहा है।

## कुशासन के खिलाफ मुख्यमंत्री आवास घेराव में शामिल हुए : अंकित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आह्वान पर छत्तीसगढ़ प्रदेश में बिगड़ती हुई कानून व्यवस्था, बढ़ते बलात्कार, बच्चियों का शोषण और हत्या, आदिवासियों की हत्या, चोरी, डकैती, ऑनलाइन सट्टा, रेत का अवैध उत्खनन, शराब की अवैध बिक्री आदि मामलों को लेकर आज पुराने प्रदेश कार्यालय के सामने से



भाजपा मुख्यमंत्री निवास घेराव का कार्यक्रम रखा गया था। इस कार्यक्रम में अंकित बागबाहरा, विष्णु महानंद, रवि निषाद, सेत राम बघेल, योगेश्वर साहू, मुनेश्वर साहू, आरिफ खान, इंद्र चौहान, मुकेश ठाकुर, पोखन, हर्ष चंद्राकर सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस जन शामिल हुए। ।



# मिलेट्स को बढ़ावा देने किए जाएंगे विशेष प्रयास: कलेक्टर लंगेह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने जिले में मिलेट्स फसलों को बढ़ावा देने के लिए सोमवार को कृषि विभाग, किसान उत्पादक संघ, किसानों और संबंधित विभागों की बैठक ली। उन्होंने जिले में मिलेट्स के उत्पादन को बढ़ावा देने और किसानों की आय में वृद्धि करने के उद्देश्य से जिले में कार्यरत 10 किसान उत्पादक संघ (एफपीओ) को आवश्यक निर्देश दिए।

कलेक्टर ने कहा कि बैठक का मुख्य उद्देश्य किसानों की आय में वृद्धि करना, उनके उत्पादों का उचित मूल्य दिलाना तथा उन्हें उचित बाजार व्यवस्था उपलब्ध कराना है। इसमें किसान उत्पादक संघों की महत्वपूर्ण भूमिका होगी। बैठक में जिला पंचायत सीईओ एस. आलोक, उप संचालक कृषि एफआर कश्यप, किसान उत्पादक संघ के प्रतिनिधि, बैंकर्स एवं किसान शामिल हुए। जिला पंचायत के सभाकक्ष में आज हुई बैठक में कलेक्टर लंगेह ने कहा कि परम्परागत धान के फसलों के स्थान पर रागी, कोदो, कुटकी जैसे मिलेट्स और दलहन, तिलहन को बढ़ावा देने की आवश्यकता है। लंगेह ने कहा कि धान के रकबा को कम करते हुए कम लागत, ज्यादा उपज और ज्यादा आय के सिद्धांत को लेकर कार्ययोजना बनाया जाएगा।

इसमें अंचल में कार्यरत किसान उत्पादक संघों की महत्वपूर्ण भूमिका होगी। उन्होंने कहा कि किसान उत्पादक संघ किसानों के साथ बैठकर उन्हें धान के अलावा अन्य नकदी फसलों के फायदों के संबंध में बताएं और उन्हें जागरूक करें। कलेक्टर ने कहा कि हम किसानों को उचित मूल्य और सही बाजार भी उपलब्ध कराएंगे। महासमुंद जिले में मिलेट्स कैफे के तर्ज पर रेस्टोरेंट भी खोला जाएगा। यहां मिलेट्स से बने उत्पादों का विक्रय भी किया जाएगा।

### खुले बाजार में उपलब्ध होगा

कलेक्टर ने कहा कि इसमें मिलेट्स से बने विभिन्न तरह के उत्पाद और व्यंजन खुले बाजार में बिक्री के लिए उपलब्ध होगा। कलेक्टर ने कहा कि यहां उत्पादन की संभावनाओं और किसानों की रुचि को ध्यान में रखते हुए मिलेट्स प्रोसेसिंग प्लांट भी लगाया जा सकता है। कलेक्टर ने इस कार्ययोजना को आगामी 6 माह में क्रियान्वयन करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने सभी किसानों से अपील किया है कि वे मिलेट्स की खेती को अपनाएं और लाभ कमाएं।



### किसान रागी फसल को अपनाने के लिए उत्सुक

कृषि उप संचालक एफआर कश्यप ने बताया कि जिले में लगभग 1100 किसान वर्तमान में मिलेट्स रागी की खेती कर रहे हैं। इस बीते वर्ष खरीफ में लगभग 300 हेक्टेयर और वर्तमान रबी में 900 हेक्टेयर में रागी का फसल लगाया गया है। बैठक में मौजूद किसानों ने कलेक्टर की पहल का स्वागत करते हुए कहा कि हम किसान रागी फसल को अपनाने के लिए उत्सुक हैं एवं आगामी दिनों में धान के अलावा मिलेट्स की खेती भी करेंगे। इस अवसर पर किसानों ने कलेक्टर लंगेह को सुगंधित चावल भेंट किया।

## खबर संक्षेप

### 12 लाख की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत

**महासमुंद।** कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने राजस्व पुस्तक परिपत्र 6-4 के तहत प्राकृतिक आपदा से मृत्यु होने पर 03 मृतकों के निकटतम वारिसानों के लिए चार लाख रुपए के मान से कुल 12 लाख रुपए की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की है। इनमें पानी में डूबने से मृत्यु होने पर महासमुंद विकासखंड अंतर्गत ग्राम पिरदा के मृतक शहबाज खान एवं ग्राम खट्टी के मृतक पुनितराम निषाद के वारिसानों के लिए तथा सर्पदंश से मृत्यु होने पर पिथौरा विकासखंड अंतर्गत ग्राम ढाबाखार की मृतिका पित्रो बाई सिदार के परिजन के लिए 04-04 लाख रुपए की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की गई है।

### 25 हजार रुपये की सहायता राशि स्वीकृत

**महासमुंद।** कलेक्टर एवं परिनिर्धारण आयुक्त विनय कुमार लंगेह ने टक्कर मारकर भागने संबंधी उपबंधों के अधीन मोटर यान दुर्घटना से हुई मृत्यु पर मृतक के निकटतम वारिसान के लिए प्रतिकर राशि स्वीकृत की है। इनमें सरायपाली विकासखंड अंतर्गत ग्राम पतेरापाली निवासी रामलाल यादव की मृत्यु एनएच 53 कुटेला से घंटेश्वरी मंदिर जाने के रास्ते में मोटरयान दुर्घटना से हुई थी। जिस पर मृतक के निकटतम वारिसान उनकी माता सोहद्रा को 25 हजार रुपए की राशि प्रतिकर के रूप में स्वीकृत की गई है।

### गरीबों को मिल रही सुविधाएं - मुकेश

**महासमुंद।** संवेदना संवेदना समूह खरोरा के सदस्य मुकेश चन्द्राकर ने कहा है कि भारत सरकार ने साल 2015-16 मे प्रधानमंत्री आवास योजना को शुरू किया, जिसका उद्देश्य पात्र ग्रामीण और शहरी गरीब परिवारों को रहने योग्य मकान बनाने मे सहायता करना है। इस योजना के तहत पिछले 8-9 सालों में पात्र गरीब परिवारों के लिए कुल 4.21 करोड़ मकान बनाए जा चुके है, और अब समय के साथ यह सीमा और भी बढ़ती जा रही है। इस योजना के तहत निर्मित घरों में सरकार और अन्य योजनाओं को मिलाते हुए घरेलू शौचालय, एलपीजी कनेक्शन, बिजली कनेक्शन, नल कनेक्शन आदि की सुविधाएं भी दी गई है। हर गांव में पानी टंकी का सुविधा दी गई है।

### विप्र स्वास्थ्य सेवा संगठन ने लगाया स्वास्थ्य शिविर

**रायपुर।** गर्मी की आहट के साथ चिकनपॉक्स, पीलिया और विभिन्न वायरस जनित बीमारियों का सिलसिला शुरू हो जाता है। समाजसेवी संस्था विप्र स्वास्थ्य सेवा संगठन द्वारा रायपुर के कोटा मस्जिद प्रांगण में रविवार को निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में संगठन अध्यक्ष डॉ. सतीश दीवान के साथ डॉ. वीणा मिश्रा, डॉ. अभिजीत झा, डॉ. तनु तिवारी, डॉ. सारिका श्रीवास्तव, डॉ. जिया फातिमा, डॉ. नालंदा रामटेके, डॉ. दिनेश तिवारी, डॉ. सुशील बागड़े, साईं बाबा हॉस्पिटल की मेडिकल टीम ने कोटा निवासियों का स्वास्थ्य परीक्षण किया। साथ ही बीपी, सुगर, आंखों की जांच के साथ पीलिया और चिकनपॉक्स की होमियोपैथिक दवाओं का निशुल्क वितरण किया गया। शिविर में संगठन के सदस्य मिथिलेश रिछारिया, सैय्यद फारुख और रितेश यादव ने शिविर में अपना विशेष योगदान दिया।

## कक्ष क्रमांक 230, 225, 241, 264, 291 में चेन आरा से हो रही कटाई

# पिथौरा के जंगलों में पेड़ों की नियम विरुद्ध कटाई वन विभाग की कार्यप्रणाली पर उठे सवाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पिथौरा (ग्रामीण)

वन परिक्षेत्र की कार्यप्रणाली लगातार नियमों के विपरीत हो रही है। कक्ष क्रमांक 230, 225, 241, 264 और 291 के घने जंगलों में इन दिनों वन विभाग द्वारा धड़ल्ले से मिश्रित प्रजातियों के पेड़ों की कटाई की जा रही है। खास बात यह है कि यह कटाई पारंपरिक तरीके से नहीं, बल्कि आधुनिक हैंडहेल्ड पावर चेन आरा से की जा रही है, जो कि वन नियमों के स्पष्ट उल्लंघन है।

■ जैवविविधता और पुनर्जनन को भारी खतरा

वन नियमों के अनुसार, पेड़ों की कटाई कुल्हाड़ी से की जानी चाहिए ताकि पीका (जड़ का भाग) सुरक्षित रहे और उस स्थान पर पुनः प्राकृतिक रूप से पौधे विकसित हो सकें। लेकिन चेन आरा से की जा रही कटाई से न केवल ठूंठ अत्यधिक गर्म हो जाते हैं, बल्कि जड़ों की पुनर्जीवन क्षमता भी समाप्त हो जाती है। इससे जंगलों की जैवविविधता, पारिस्थितिकी तंत्र और पुनर्जनन प्रणाली पर गंभीर प्रभाव पड़ रहा है। मिली जानकारी अनुसार, पेड़ों की कटाई जलाऊ लकड़ी के उपयोग हेतु की जा रही है। लेकिन सवाल यह उठता है कि यदि यह कार्य नियमों के अंतर्गत है, तो फिर कटाई नियमों के विपरीत क्यों किया जा रहा है?



### वन परिक्षेत्र प्रभारी का जवाब, पर कई सवाल

जब इस मामले पर पिथौरा वन परिक्षेत्र प्रभारी सालिक राम डड़सेना से बात की गई तो उन्होंने कहा कि नियमों के अनुसार पेड़ों को कुल्हाड़ी से काटने का प्रावधान है। यदि चेन आरा से कटाई की जा रही है तो हम इसकी जांच कराकर आवश्यक कार्रवाई करेंगे।



### पर्यावरणीय असतुलन का जन्म

वन संरक्षण विशेषज्ञों का मानना है कि जंगलों की कटाई यदि नियमों के विरुद्ध की जाए तो यह न सिर्फ पर्यावरणीय संतुलन को नुकसान पहुंचाती है, बल्कि वन्य जीवों के आवास और स्थानीय जीवन प्रणाली पर भी गंभीर असर डालती है। मामले में डीएफओ पंकज राजपूत का कहन है कि इसकी जानकारी नहीं है अगर चेन आरा से पेड़ों की कटाई हो रही है तो इसे तत्काल रुकवाया जाएगा।

# कलेक्टर ने ली सुशासन तिहार की समीक्षा



**महासमुंद।** कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने जिला पंचायत के सभाकक्ष में सुशासन तिहार और आवास प्लस प्लस 2.0 सर्वे की समीक्षा बैठक ली। समीक्षा बैठक में कलेक्टर लंगेह ने सभी जनपद सीईओ से इस अभियान की प्रगति का जायजा लिया। समाधान शिविरों के आयोजन की समीक्षा की गई, जिससे आमजन को उनकी समस्याओं के समाधान की जानकारी दी जा सके। सुशासन तिहार के दौरान जिले में लगभग एक लाख 80 हजार आवेदन प्राप्त हुए।

कलेक्टर ने कहा कि अन्य विभागों से प्राप्त आवेदनों को मूल विभाग में स्थानांतरित करें तथा शेष सभी आवेदनों का गुणवत्तापूर्ण निराकरण सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि अब केवल 9 दिन ही शेष है। इन दिनों में आवेदनों का निराकरण किया जाए। मोर दुआर सायकार अभियान के तहत आवास प्लस प्लस 2। 0 सर्वे को प्राथमिकता देते हुए पात्र हितग्राहियों की पहचान कर उन्हें योजना का लाभ देने पर जोर दिया गया। कलेक्टर ने कहा कि जनप्रतिनिधियों द्वारा भी सर्वेक्षण किया जा रहा है, उनके साथ जनपद के अधिकारी एवं आवास मित्र भी शामिल रहे। अंतिम तिथि तक सभी पंचायतों में सर्वेक्षण पूर्ण कर लिया जाए।

इसके अलावा कलेक्टर लंगेह ने जनपद सीईओ को निर्देशित किया कि वे राष्ट्रीय पंचायत दिवस (24 अप्रैल) के अवसर पर जिले की चयनित ग्राम पंचायतों में अटल पंचायत डिजिटल सुविधा केंद्रों की स्थापना की तैयारी कर लेवें तथा उसमें दी जाने वाली सेवाओं का व्यापक प्रचार-प्रसार करें। कलेक्टर ने कहा कि पंचायतों में रोजगार मुहैया कराने के लिए और प्रधानमंत्री आवास योजना के निर्माण में ज्यादा श्रमिकों की संख्या बढ़ाएं। कलेक्टर ने कहा कि श्रम आधारित कार्यों को प्राथमिकता देते हुए नए कार्य स्वीकृत करें। बैठक में जिला पंचायत सीईओ एस आलोक सहित कृषि, पशुपालन विभाग के अधिकारी, बैंक मैनेजर एवं अन्य अधिकारी उपस्थित थे। सभी जनपद सीईओ वीडियों कांफ्रेंसिंग के माध्यम से जुड़े थे।

# संविधान के 75 वें वर्षों पर महाविद्यालय में निबंध प्रतियोगिता का हुआ आयोजन




हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरायपाली

वीरेंद्र बहादुर सिंह शासकीय महाविद्यालय में भारतीय संविधान के 75 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में विविध आयोजनों की श्रृंखला जारी है। इसी क्रम में ₹संविधान का गौरव पर्वः उद्देश्य एवं महत्त्व₹ विषय पर एक निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर अपने विचारों को सुंदर शब्दों में प्रस्तुत किया।

कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में संवैधानिक मूल्यों, अधिकारों एवं कर्तव्यों के प्रति जागरूकता बढ़ाना था। प्रतियोगिता में प्रतिभागियों ने संविधान की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि, डॉ. भीमराव अंबेडकर के योगदान तथा वर्तमान परिप्रेक्ष्य में उसकी प्रासंगिकता पर प्रभावशाली विचार प्रस्तुत किए। प्रतियोगिता में प्रीति प्रधान (एम.ए. चतुर्थ सेमेस्टर, राजनीति विज्ञान) ने उत्कृष्ट लेखनी के दम पर प्रथम स्थान अर्जित किया। चंद्रिका सिदार (एम.ए. द्वितीय सेमेस्टर, हिंदी) को द्वितीय स्थान तथा सरिता भोई (एम.ए. चतुर्थ सेमेस्टर, राजनीति विज्ञान) को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ।

कार्यक्रम के समापन अवसर पर राजनीति विज्ञान के विभागाध्यक्ष यूके बरिहा ने संविधान की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि ₹भारतीय संविधान न केवल एक दस्तावेज है, बल्कि यह हमारे लोकतंत्र की आत्मा है।₹ उन्होंने डॉ. अंबेडकर के अद्वितीय योगदान को रेखांकित करते हुए विद्यार्थियों को संवैधानिक मूल्यों के पालन हेतु प्रेरित किया। इस अवसर पर प्रतियोगिता के प्रभारी अनिल कुमार तांडी एवं छात्र-छात्राएँ उपस्थित रहे।

# भीमराव आंबेडकर निःशुल्क पुस्तकालय बना प्रेरणा का केंद्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पिथौरा (ग्रामीण)

ग्राम पंचायत सांकरा जैसे छोटे से कस्बे में डॉ। भीमराव अंबेडकर निःशुल्क पुस्तकालय की स्थापना ने क्षेत्र में शिक्षा और समाज सेवा की दिशा में एक नई मिसाल कायम कर दी है। 20 अप्रैल को इस पुस्तकालय का भव्य उद्घाटन जनपद सदस्य कंवलजीत सिंह छाबड़ा, पुरुषोत्तम धृतलहरे और ग्रामपंच सतपाल सिंह छाबड़ा के मुख्य आतिथ्य में हुआ।



इस प्रेरणादायक पहल के पीछे जगन्नाथ हॉस्पिटल पिथौरा के डॉ। हरे कृष्ण प्रधान का विशेष योगदान रहा। उनके साथ नागपुर, बिलासपुर, रायपुर और दुर्ग से आई डॉक्टरों की टीम ने मिलकर इस पुस्तकालय के निर्माण का सपना साकार किया। इस टीम में नागपुर से डॉ. तपन बोडले, डॉय रूकेश रामटेके, रायपुर से डॉ. प्रांजल प्रधान, बिलासपुर से डॉ. अजय पांडे और दुर्ग से विजय पांडे शामिल रहे। उद्घाटन समारोह में बिसासहे कुल कोलता समाज के संरक्षक हरिचरण प्रधान, पिपरौद शाखा सभा के सभापति रसिक प्रधान, पिथौरा अंचल अध्यक्ष षडानन भोई, संभागीय सचिव रंकमणि प्रधान, व्यापारी संघ सांकरा अध्यक्ष आशीष प्रधान, जनपद सदस्य मथामणी प्रधान, साहू समाज अध्यक्ष कलप राम साहू, डॉ। देवेंद्र प्रधान सहित अनेक गणमान्य नागरिक, शिक्षक व समाजसेवी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। सभी अतिथियों ने अपने उद्बोधन में इस सामाजिक पहल की सराहना करते हुए इसे युवा पीढ़ी के लिए एक उज्ज्वल उदाहरण बताया और भविष्य में हरसंभव सहयोग का आश्वासन दिया। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक द्रोण साहू ने किया जबकि आभार प्रदर्शन अविनाश चंद्र साहू द्वारा किया गया।

### गर्मी की छुट्टियों का सदुपयोग करें छात्र-छात्राएः सिन्हा

**महासमुंद।** वर्तमान में समस्त स्कूली छात्र-छात्राओं की परीक्षाएं संपन्न हो चुकी है और विद्यार्थी अपने अपने स्तर पर छुट्टी का उपयोग कर रहे है कुछ परीक्षा परिणाम का इंतजार कर रहे है, कुछ पढ़ाई में, कुछ खेलकूद में, कुछ भ्रमण में, कुछ रिश्तेदारों में घूमना फिरना, कुछ शादी ब्याह में व्यस्त है सभी छात्र, छात्राओं को इस समय का सदुपयोग करना चाहिए, और अपना ज्ञान बढ़ाने की कोशिश करना चाहिए।



शिक्षक परसराम सिन्हा का कहना है कि इस समय अप्रैल का महीना चल रहा है और गर्मी भी बहुत ज्यादा बढ़ गई है गर्मी से बच कर अपने समय का सदुपयोग करे अभी स्कूल और कॉलेज में व्यतीत होने वाला समय बच रहा है पर्याप्त समय है सभी को इस का सदुपयोग करना चाहिए जहां से भी सीखने को मिल रहा है वहां से सीखने की कोशिश करना चाहिए, बहुत से क्षेत्र है रूचि के अनुसार कार्य में ध्यान देना चाहिए, ड्राइंग, खेलकूद, पढ़ाई, कंप्यूटर, योग, व्यायाम आदि में अपने ज्ञान की वृद्धि कर अपना भविष्य संवारने की कोशिश करना चाहिए, नियमित समाचार पत्र का अवलोकन करना चाहिए, मोबाइल का इस्तेमाल जरूरत के हिसाब से करना चाहिए।

# लापरवाह अधिकारी और प्लांट प्रबंधक पर सख्त कार्रवाई की जाए : साहू

**महासमुंद।** करणी कृपा पावर प्लांट में एक बार फिर हादसा हो गया। कंवेयर बेल्ट में हाथ के फंसने से एक मजदूर घायल हो गया। 4 महीने के भीतर हुई इस चौथी घटना से प्लांट की कार्यशैली पर सवाल उठ रहे हैं। महासमुंद के खैरझिटी गांव स्थित करणी कृपा पावर प्लांट में रविवार दोपहर करीब 3 बजे एक मजदूर का हाथ कंवेयर बेल्ट में फंस गया। घायल मजदूर को प्लांट प्रबंधक ने रायपुर के रामकृष्ण केयर हॉस्पिटल में भर्ती कराया है। भाजपा किसान नेता अशवंत तुषार साहू ने कहा कि जिला मुख्यालय से 14 किलोमीटर दूर स्थित इस करणी कृपा प्लांट में लगातार हादसे हो रहे हैं। प्लांट में 4 महीने में यह चौथी दुर्घटना है। प्लांट प्रबंधक की लापरवाही का आलम यह है कि घटना की सूचना हर बार की तरह इस बार भी तुमगांव पुलिस को नहीं दिया जाता हमेशा दुर्घटना को छुपाने का प्रयास करते हैं। प्लांट प्रबंधन की कार्यप्रणाली पर सवाल उठ रहे हैं। साहू ने कहा कि दुर्घटनाओं की जानकारी छिपाई जाती है। घायलों को सीधे रायपुर ले जाया जाता है। मृत्यु के मामलों में भी जिला प्रशासन को सूचित नहीं किया जाता। जब मामले सामने आते हैं, तब प्रशासन भी सिर्फ औपचारिक कार्रवाई तक सीमित रहता है। साहू ने अवैध रूप से चल रहे हैं प्लांट को बंद करने व घायल को 5 लाख का मुआवजा देने मांग कलेक्टर से की है।




# शिक्षक की लापरवाही और बीईओ की मिलीभगत उजागर: दोषियों पर कार्रवाई हेतु जांच प्रतिवेदन मंत्रालय में प्रस्तुत

**पिथौरा (ग्रामीण)।** शासकीय प्राथमिक शाला मुक्तिडीपा में पदस्थ शिक्षक नारायण किशोर पाणी की लंबी अनुपस्थिति और वेतन भुगतान के मामले ने तूल पकड़ लिया है। शिक्षक के स्कूल से बिना सूचना गायब रहने और इसके बावजूद वेतन पाने के प्रकरण में संभागीय संयुक्त संचालक राकेश पांडेय ने जांच कर दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई की अनुशंसा कर दी है। जांच प्रतिवेदन स्कूल शिक्षा विभाग, मंत्रालय को भेज दिया गया है।

मिली जानकारी अनुसार, नारायण किशोर पाणी 25 जून 2022 से स्कूल से नदारद हैं। इस दौरान उन्हें वेतन मिलता रहा, लेकिन बीईओ पिथौरा कमलेश ठाकुर ने इस अनुपस्थिति की सूचना लगभग एक साल बाद 23 मई 2023 को डीईओ महासमुंद को दी। आरोप है कि बीईओ ने शिक्षक की अनुपस्थिति को जानबूझकर छुपाया और न तो नोटिस जारी किया, न ही जवाब-तलबी की कोई कार्रवाई की।




आरटीआई कार्यकर्ता विनोद कुमार दास ने इस मामले की शिकायत 6 अगस्त 2024 को स्कूल शिक्षा विभाग के प्रमुख सचिव सिद्धार्थ कोमल परदेशी को की थी। शिकायत पर संज्ञान लेते हुए 14 अगस्त को संभागीय संयुक्त संचालक ने जांच दल गठित किया, जिसमें सहायक संचालक अजीत सिंह जाट और वरिष्ठ लेखा परीक्षक रमेश देवांगन शामिल थे। जांच दल ने बीईओ कार्यालय, संबंधित लिपिक, संकुल समन्वयक और प्रधानपाठक से बयान लेकर जांच की, जिसमें शिकायत की पुष्टि हुई।

जांच में यह भी सामने आया कि पाणी पूर्व में भी कई बार स्कूल से गायब रहे हैं और कभी-कभार मौखिक आदेश पर बीईओ से अनुमति लेकर ज्वाइन कर लेते थे। तत्कालीन प्रधानपाठक ने जांच में इसकी पुष्टि की है।

संभागीय संयुक्त संचालक राकेश पांडेय ने स्पष्ट किया कि जांच में बीईओ पिथौरा कमलेश ठाकुर, कार्यालयीन वित्त प्रभारी लिपिक सहित अन्य की संलिप्तता पाई गई है। सभी के विरुद्ध कार्रवाई हेतु जांच प्रतिवेदन शासन को भेज दिया गया है। यह प्रकरण न सिर्फ शिक्षक की लापरवाही का उदाहरण है, बल्कि शिक्षा विभाग में व्याप्त प्रशासनिक लापरवाही और मिलीभगत की गंभीर तस्वीर पेश करता है। अब देखना यह होगा कि मंत्रालय दोषियों के विरुद्ध कब और कैसी कार्रवाई करता है।




